सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-304
25/06/2018

बापू टावर तथा नया सचिवालय के विस्तारीकरण पर भवन निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया

पटना, 25 जून 2018 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित "संकल्प सभागार" में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष बापू शताब्दी मीनार के निर्माण तथा नया सचिवालय के विस्तारीकरण पर भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार ने प्रस्तुतीकरण दिया।

प्रस्तुतीकरण में यह बताया गया कि वर्तमान में जिस तरह बापू के विचारों की महत्ता बढ़ती जा रही है, उसको परिलक्षित करने के लिए बापू टावर के निर्माण की परिकल्पना की गई है। इस टावर का बाहरी भाग कॉपर का रहेगा। इस परिसर को मनोरम और पर्यटन की दृष्टि से पेड़–पौधों से सुसज्जित बनाया जाएगा। छह मंजिला बनने वाले इस मीनार पर गांधी जी की झलक दूर से ही दिखायी देगी। ग्राउंड फ्लोर पर लाइट की व्यवस्था रहेगी और सबसे ऊपर में ग्लास रुफ टॉप लगा रहेगा, जिससे प्राकृतिक रौशनी आसानी से उसके अंदर उपलब्ध हो सकेगी। रात में लाईटिंग की ऐसी व्यवस्था होगी, जिससे यहां का दृश्य और भी अद्‌भुत दिखेगा। इसमें सीढ़ियों, लिफ्ट, स्कैबेटर की ऐसी व्यवस्था रहेगी, जिससे व्हील चेयर पर चलने वाले लोग भी आसानी से सब जगह घूम सकें।

विश्वेश्वरैया भवन के विस्तारीकरण के संबंध में यह बताया गया कि यहां अंडरग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इस बिल्डिंग में आंतरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। विकास भवन के उन्नयन के तहत एक अतिरिक्त फ्लोर बनाया जाना है। रैम्प एवं लिफ्ट की व्यवस्था होगी, साथ ही अंडरग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी। सिंचाई भवन उन्नयन के तहत अधिवेशन भवन एवं सिंचाई भवन के बीच वाले हिस्से में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। सूचना भवन के उन्नयन के तहत एक अतिरिक्त फ्लोर के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रस्तुतीकरण का विस्तृत अवलोकन किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री शशि शेखर शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव–सह–भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित भवन निर्माण विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

******